तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 20 दिनों में 8 दुकानों के टूटे ताले, व्यापारियों ने दी ...



14 अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने छत्तीसगढ़...



नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनका आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है।

नवरात्रि पर 101 कन्याओं का पूजन कर कन्या संरक्षण का दिया संदेश

बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचने एचपीवी वैक्सीन लगाने की अपील, वर्कशॉप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग और महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "कन्या पूजन से कन्या संरक्षण" तक कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य से अम्बेडकर भवन में आयोजित कार्यक्रम में बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, वरिष्ठ प्रतिनिधि जयंती भाई पटेल, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सहित अन्य अतिथियों ने 101 कन्याओं का पूजन कर उन्हें नवरात्रि पर चुनरी भेंटकर पकवान परोसे। इस अवसर पर जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य अतिथि बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर आज 101 बालिकाओं का कन्या पूजन कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के उद्देश्य को चरितार्थ किया। किशोरी बालिका के लिए आज सर्वाइकल कैंसर एक बड़ी चुनौती है, आज विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा इससे बचने के उपाय एवं टीकाकरण की जानकारी दी जाएगी, जिसका पूरा लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि बाल संरक्षण आयोग बच्चों और बेटियों की सुरक्षा और विकास के लिए संकल्पित है।

⏭शेष पेज 12 पर

सख्ती : छात्रों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त रखने कलेक्टर ने दिए निर्देश

अधूरे निर्माण कार्यों पर जताई नाराजगी अव्यवस्था पर प्रभारी को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



जिले के महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोरिंग स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय एवं प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का औचक निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधाओं, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, बुनियादी सुविधाओं तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावासों में बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने और विशेष रूप से छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जाए। साफ-सफाई और भोजन व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बच्चों को कम मिर्च-मसाले वाला सादा, सुपाच्य एवं स्वादिष्ट भोजन परोसे जाने की बात कही। शौचालयों एवं स्नानागारों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा भवन में जहां भी टूट-फूट हो, उसकी तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश प्रभारी प्राचार्य महेंद्र टंडन को दिए।

विद्यालय परिसर में वर्ष 2022 से स्वीकृत निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वीकृति के लगभग चार वर्ष बाद भी कार्य पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित एजेंसी को निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी दिए गए। विद्यालय परिसर में पेयजल की समस्या के संबंध में कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता देव कुमार वर्मा एवं सब-इंजीनियर आलोक शुक्ला को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए।

⏭शेष पेज 12 पर

नशीली दवा की तस्करी कर रहे 4 युवकों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सरायपाली थाने में एफआईआर दर्ज

सरायपाली पुलिस ने नशीली दवा की तस्करी कर रहे चार युवकों के खिलाफ कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 55 हजार से ज्यादा की नशीली दवा बरामद की गई।

पुलिस ने बताया कि 14 अगस्त को मुखबीर से सूचना मिली कि बैदपाली झिलमिला में कुछ लोग अवैध रूप से भारी मात्रा में नशीला टेबलेट ला रहे हैं। इसके बाद मौके पर पहुंचकर मुखबीर के बताए हुलिये के व्यक्ति का इंतजार किया, कुछ देर बाद मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्र. सीजी 06 जीजे 5116 में चार व्यक्ति संदिग्ध हालत में आते दिखे। जिन्हें रोककर पूछताछ की गई। जिन्होंने अपने नाम दिनेश सिंह राजपूत पिता आनंद सिंग राजपूत (20 साल) वार्ड नं 07 बैदपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद, शेखर बाग पिता विमल बाग (19 साल) डोंगरीपारा झिलमिला थाना सरायपाली जिला महासमुंद, विवेकानंद बंछोर पिता रेवाशंकर बंछोर (20 वर्ष) बाजार पारा वार्ड क्र. 11 सरायपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद, अनुराग दास पिता रामाधार दास (19 साल) टावर पारा झिलमिला थाना सरायपाली जिला महासमुंद होना बताया। तलाशी लेने पर संदेहियों के संयुक्त कब्जे में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट नाइट्रोसुन की 69 स्ट्रिप कीमत 55200 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों ने उक्त नशीली दवा को प्रवीण बोबा निवासी बलौदा से खरीदकर लाना बताया। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से बाइक, मोबाइल को भी जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध

⏭शेष पेज 12 पर



खबर संक्षेप

आयुष लहरे का राज्य स्तरीय जिम्नास्टिक टीम में चयन

बस्तर। बस्तर के बकावंड ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोंगरापाल एवं बस्तर के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि यहां के निवासी अजय लहरें के प्रतिभावान सुपुत्र आयुष लहरें का चयन छत्तीसगढ़ राज्य की आधिकारिक अंडर-14/17/19 जिम्नास्टिक आर्टिस्टिक टीम में हुआ है। हाल ही में लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी आधिकारिक चयन सूची के अनुसार, आयुष लहरें ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए मुख्य चयन सूची में अपनी जगह बनाई है।

अनुपस्थिति पर 2 कर्मचारी सेवा से हटाए गए

बीजापुर। शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं बिना पूर्व सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के मामले में जिला कार्यालय बीजापुर में पदस्थ दो कर्मचारियों के विरुद्ध सेवा से हटाने की कार्रवाई की गई है। इनमें चौकीदार सूरज काका एवं भृत्य अशोक यालम शामिल हैं। यह दोनों कर्मचारी बिना लिखित सूचना अथवा मौखिक जानकारी दिए अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित थे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग की आधिकारिक वेबसाइट और 'प्रयास' पत्रिका का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग की आधिकारिक वेबसाइट एवं वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम रायपुर में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में प्रदेशभर के लगभग 10 हजार स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री एवं भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता राज्यसभा सांसद एवं राज्य उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा ने की। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंग खालसा के मार्गदर्शन में आयोजित इस समारोह में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, राज्य भंडार निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, वनस्पति पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अंजय शुक्ला एवं अन्य जनप्रतिनिधियों एवं संगठन के पदाधिकारियों सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत स्कार्फ पहना कर किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में विभिन्न धर्मों की प्रार्थनाओं का सामूहिक गायन किया गया।

राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंग खालसा ने कहा कि पिछले एक वर्ष में छत्तीसगढ़ स्काउटिंग के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी की मेजबानी कर इतिहास रचने की बात हो या फिर लखनऊ में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में दमदार प्रदर्शन की बात हो स्काउटिंग को आधुनिक समय की आवश्यकताओं से जोड़ने की बात हो हर क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान रचा है। भारत स्काउट गाइड संगठन ने डिजिटल क्षेत्र में भी कदम बढ़ाया है। मुझे यह बताते हुए अपार खुशी और गर्व की अनुभूति हो रही है कि बीते एक वर्ष में हमने केवल गतिविधियों को बढ़ाने पर ही ध्यान नहीं दिया, बल्कि स्काउटिंग को आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप नई पहचान और नई दिशा देने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पहली बार भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ ने इंटरनेट की दुनिया में अपना कदम बढ़ाते हुए अपनी आधिकारिक वेबसाइट तैयार की है। यह वेबसाइट केवल एक वेबसाइट नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों का डिजिटल दस्तावेज और आईना है।अब हमारे प्रदेश में होने वाली समस्त गतिविधियां, प्रशिक्षण, शिविर, उपलब्धियां और महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रमाणिक जानकारी के साथ डिजिटल माध्यम पर उपलब्ध होंगे। छत्तीसगढ़ के किसी गांव, किसी स्कूल या किसी जिले में स्काउटिंग की कोई प्रेरणादायी गतिविधि होती है, तो उसकी जानकारी केवल प्रदेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि देश और दुनिया के लोग भी छत्तीसगढ़ की स्काउटिंग गतिविधियों को देख और जान सकेंगे। यह हमारे लिए निश्चित रूप से एक नई शुरुआत है। अवसर इसलिए भी ऐतिहासिक है क्योंकि इसी पावन मंच से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की प्रथम वार्षिक पत्रिका 'प्रयास' का विमोचन किया गया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहली बार वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन किया गया है। 'प्रयास' केवल एक पत्रिका नहीं है। यह पूरे वर्ष की मेहनत, समर्पण, सेवा और उपलब्धियों का दस्तावेज है। इसमें छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में आयोजित स्काउटिंग गतिविधियों की झलक दिखाई देगी। हमारे स्काउट्स, गाइड्स, रोवर-रेंजर्स, प्रशिक्षकों और स्वयंसेवकों के प्रयासों का प्रतिबिंब इसमें स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

बागबाहरा महाविद्यालय में 1.34 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित ओपन स्टेडियम

विद्यार्थियों को मिलेगी खेल सुविधाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में खेल अधोसंरचनाओं के विकास और विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में बागबाहरा स्थित शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद महाविद्यालय में ओपन स्टेडियम का निर्माण किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा 1 करोड़ 34 लाख 67 हजार रुपए की लागत से निर्मित इस ओपन स्टेडियम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इस अधोसंरचना के विकास से विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा निखारने, नियमित अभ्यास करने तथा खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा। ओपन स्टेडियम का निर्माण कार्य 23 दिसंबर 2024 को प्रारंभ किया गया था तथा 20 दिसंबर 2025 को कार्य पूर्ण हुआ। यह खेल अधोसंरचना विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना को प्रोत्साहित करने में सहायक होगी। स्टेडियम में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, हॉकी, रनिंग ट्रैक तथा बॉक्स क्रिकेट जैसी विभिन्न खेल गतिविधियों के लिए सुविधाओं का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप खेलों में भाग लेने तथा नियमित अभ्यास के माध्यम से प्रदर्शन में सुधार करने का अवसर प्राप्त होगा। महाविद्यालय परिसर में खेल सुविधाओं के विस्तार से विद्यार्थियों को खेल एवं शिक्षा के बीच बेहतर संतुलन बनाने में भी सहायता मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और भविष्य में जिला एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों को तैयार करने में उपयोगी साबित होगी।

अरंड में दुर्गा प्रतिमा के 84 ज्योति प्रज्जवलित



अरंड (पिथौरा)। ग्राम अरंड में मां दुर्गा प्रतिमा विराजित की गई है। यहां 84 ज्योति कलश प्रज्जवलित की गई है। नवरात्र के पंचमी पर विशेष पूजा हुई। इस दौरान खूबचंद दुबे, सरपंच दिगंम्बर पटेल, शिवचरण ध्रुव, कौतुक पटेल, कार्तिक राम पटेल, देवराज सिंह ठाकुर, भुवन लाल ठाकुर, हुसन लाल निर्मलकर, गंगाधर निर्मलकर आदि मौजूद रहे।

नपाध्यक्ष के प्रयास से टाउन हॉल के सौंदर्यीकरण के लिए 23.01 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



नगर के पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल के सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्य के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के प्रयासों से शासन ने 23.01 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास छत्तीसगढ़ इंद्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश के तहत यह राशि अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति नगर पालिका परिषद महासमुंद के पत्र के माध्यम से प्रेषित प्रस्ताव के अनुक्रम में प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्य के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार टाउन हॉल में उन्नयन कार्य कराया जाएगा। टाउन हॉल की जर्जर स्थिति को सुधारने भवन के पुराने होने, छत और दीवारों में सीलन, मंच और बैठक व्यवस्था के जर्जर होने तथा आधुनिक सुविधाओं के अभाव के कारण इसके कायाकल्प की मांग लंबे समय से की जा रही थी।

नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने इस आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर सक्रिय रूप से प्रस्ताव प्रस्तुत किया और लगातार अनुवर्तन कर स्वीकृति सुनिश्चित कराई। उनके प्रयासों के फलस्वरूप अब टाउन हॉल के उन्नयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। स्वीकृत राशि से सभागार के आंतरिक और बाहरी सौंदर्यीकरण, मंच का उन्नयन, प्रकाश व्यवस्था, बैठक व्यवस्था और अन्य आवश्यक सुधार कार्य कराए जाएंगे। टाउन हॉल का उन्नयन होने से नगरवासियों को सर्व सुविधायुक्त स्थल प्राप्त होगा। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होने के बाद यहां होने वाले आयोजनों में नागरिकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, कलाकारों और आयोजकों को बेहतर मंच मिलेगा।

अवैध लेबर माफिया को भाजपा सरकार और प्रशासन का खुला संरक्षण, बैठकों की नौटंकी बंद करे प्रशासन : रश्मि

महासमुंद। जिले से मजदूरों के लगातार हो रहे पलायन और दूसरे राज्यों में उनके साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार को लेकर कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ बेहद आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक द्वारा लेबर ठेकेदारों के साथ आयोजित बैठक पर को डॉ. चंद्राकर ने इसे रमाफियाओं को खुली छूट देने का सरकारी योजनाङ्क करार दिया। उन्होंने कहा कि जब जिले के गांव-गांव से गरीब मजदूर को भारी कमीशन कमाने के लिए गाड़ियों में भरकर ले जाए जा रहे हैं, तब प्रशासन एयर-कंडीशनर कमरों में बैठकर माफियाओं को नियम और कायदे का पाठ पढ़ाने का ढोंग कर रहा है। डॉ. रश्मि चंद्राकर ने प्रशासन द्वारा जारी कड़े निर्देशों की बखिया उधेड़ते हुए कहा कि 'बिना लाइसेंस मजदूरों को ले जाने पर ठेका रद्द' और 'बंधक बनाने पर एफआईआर' के दावे केवल अखबारों की सुर्खियों के लिए गढ़े गए हैं। उन्होंने सवाल दागा कि जब जिले में सक्रिय अधिकांश लेबर सप्लायर बिना किसी वैध लाइसेंस के खुलेआम दलाली कर रहे हैं, तो अब तक कितने ठेकेदारों को सलाखों के पीछे भेजा गया? श्रम विभाग के अधिकारी और स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और ग्रामीण रास्तों से रोजाना सैकड़ों की संख्या में मजदूरों को अन्य राज्यों के लिए रवाना किया जाता है, नवरात्रि पर्व समाप्त होते जिले से पलायन प्रारंभ हो जाएगा। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है यह पूरी व्यवस्था संगठित मानव तस्करी और भ्रष्ट गठजोड़ का सीधा प्रमाण है।





जिला जेल में बंदियों के लिए विशेष योग शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय जिला जेल में बंदियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 70 विचाराधीन बंदियों ने भाग लिया, जिन्हें विभिन्न गंभीर बीमारियों से बचाव और उपचार के लिए उपयोगी योगासनों का अभ्यास कराया गया। शिविर का संचालन पतंजलि योगपीठ के राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव और पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य एवं महासमुंद तहसील प्रभारी मनकु राम रौतिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। योग विशेषज्ञों ने बंदियों को सायटिका (कमर व पैरों का दर्द), मोटापा, शुगर (मधुमेह), ब्लड प्रेशर और मानसिक तनाव जैसी बीमारियों से निजात पाने के लिए विशेष प्राणायाम एवं योगासन सिखाए। योग गुरुओं ने संदेश दिया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन को शांत करने और विचारों में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से बंदी न केवल निरोग रह सकते हैं, बल्कि मानसिक अवसाद से भी मुक्ति पा सकते हैं। शिविर में जेल प्रशासन की अधिकारी अश्विनी पूजा तिर्की सहित कर्मचारी थेनेंद्र योगी, हरिशंकर सोनी, लक्ष्मी नारायण सारंग और तुलाराम वर्मा उपस्थित रहे। सभी बंदियों ने उत्साहपूर्वक योग की बारीकियों को सीखा और इसे अपनी दिनचर्या में अपनाने का संकल्प लिया।

रामचंडी महाविद्यालय में 30 से अधिक युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए लगा मतदाता पंजीयन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा एवं रामचंडी महाविद्यालय सरायपाली बगईजोर में मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य 17 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के युवाओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें मतदान के प्रति जागरूक करना था। जिले में अब विशेष अभियान के तहत 17 वर्ष से अधिक एवं 18 वर्ष तथा छूटे हुए मतदाताओं का नाम जोड़ने की कार्रवाई गति पकड़ने लगी है। महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान के साथ बीएलओ द्वारा विशेष शिविर का आयोजन कर ऐसे पात्र मतदाताओं को फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। आज दिनांक तक जिले में 8 लाख 476 मतदाता है, जबकि अभियान के तहत अभी तक 1321 नए और छूटे हुए मतदाता जोड़े गए हैं।

बलौदा में डॉ मालती तिवारी रासेयो जिला संगठक महासमुंद एवं महाविद्यालय के प्राचार्य अनिता पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए फॉर्म-6 तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म-8 की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से 60 से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया तथा उन्हें मतदाता पंजीयन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिविर की संयोजक कमला बाई दीवान रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रही। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक जितेन्द्र कुमार पटेल, डॉ गजानंद नायक, रमेश कुमार पटेल, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबरगिया सहित महाविद्यालय स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित रहे। इसी तरह रामचंडी महाविद्यालय सरायपाली बगईजोर में मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन के भोई के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी भरत प्रधान के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में नए मतदाताओं के पंजीयन के लिए फॉर्म-6 तथा मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन के लिए फॉर्म-8 की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान 30 से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया तथा उन्हें मतदाता पंजीयन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा विशेष शिविर एवं पंजीयन के माध्यम से फॉर्म-6 में नाम जोड़े जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर, 21, 22, 28 एवं 29 अक्टूबर को विशेष शिविर सभी मतदान केंद्रों में लगाए जाएंगे। यहां पात्र नागरिक अपने नाम जुड़वा सकते हैं।

कलेक्टर ने ईआरओ एवं निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश फॉर्म-6 के आवेदन बढ़ाने और व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में महासमुंद जिले में विशेष अभियान के तहत मतदाता सूची में छूटे हुए पात्र नागरिकों तथा नए युवा मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित न रहे और सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, एसडीएम अक्षा गुप्ता, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद मौजूद रहे। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने आज निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने विशेष अभियान के अंतर्गत फॉर्म-6 के माध्यम से नए मतदाताओं के पंजीकरण की संख्या बढ़ाने, बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक प्रशिक्षण देने तथा अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण के तहत बीएलओ घर-घर जाकर छूटे हुए पात्र नागरिकों एवं पहली बार पात्र बने युवा मतदाताओं की पहचान करें और उन्हें पंजीकरण की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दें। उन्होंने सभी ईआरओ को अभियान की नियमित निगरानी करने तथा पात्र मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वीप (सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता) की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही महाविद्यालयों में फॉर्म-6 उपलब्ध कराकर पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना से गंगा को हर माह मिल रही 1500 रुपए की पेंशन

स्वास्थ्य और जरूरतों को पूरा करने में मिल रही मदद

महासमुंद। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ उन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर रही हैं। ऐसी ही कहानी जिला मुख्यालय महासमुंद नयापारा निवासी गंगा ध्रुव की है, जिन्हें श्रम विभाग में पेंशन के लिए आवेदन करने के बाद प्रतिमाह 1500 रुपए की पेंशन राशि प्राप्त हो रही है। यह राशि उनके लिए आर्थिक सहायता का माध्यम बन गई है। पेंशन से वे अपनी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों और दैनिक जीवन में आवश्यक वस्तुओं की व्यवस्था करने में मदद प्राप्त कर रही हैं। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र श्रमिकों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना में आवेदन करने पर 1500 रुपए प्रति माह पेंशन सीधे बैंक खाते में प्रदान की जाती है। गंगा ध्रुव बताती हैं कि पेंशन प्राप्त करने से पहले अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्हें आर्थिक संसाधनों की चिंता रहती थी। स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों और रोजमर्रा में उपयोग होने वाली वस्तुओं की व्यवस्था करना उनके लिए महत्वपूर्ण था। ऐसे में उन्होंने पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिए श्रम विभाग में आवेदन किया। आवेदन के पश्चात उन्हें प्रतिमाह 1500 रुपये की पेंशन मिलने लगी, जिससे उन्हें नियमित आर्थिक सहायता मिल रही है। वे बताती हैं कि हर महीने मिलने वाली पेंशन राशि का उपयोग वे अपनी सेहत का ध्यान रखने तथा दैनिक जीवन की आवश्यक वस्तुओं को खरीदने में करती हैं। नियमित रूप से मिलने वाली यह राशि उन्हें अपनी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। गंगा ध्रुव ने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पेज 11 का शेष

101 कन्याओं का...

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान और राजकीय गीत का गायन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वाइकल कैंसर जागरूकता, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपने सम्बोधन से बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचने एचपीवी वैक्सीन लगाने की अपील कर बच्चेदानी कैंसर, स्तन कैंसर मुख कैंसर से, नशा जैसे शराब, ड्रग्स, तंबाकू और फास्ट फूड पिजा बर्गर से दूर रहने की जानकारी दी।

इस अवसर पर अतिथियों ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए डॉक्टरों का सम्मान किया गया। वहीं 9वी से 12वी कक्षा के किशोरी कन्याओं को सुरक्षा किट और डायरी भेंट की गई। इस अवसर पर बालको कैंसर हॉस्पिटल एवं अन्य हॉस्पिटल द्वारा कैंसर हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग के सचिव बृजेन्द्र सिंह, डॉ यामिनी शुक्ला, डॉ गार्गी पांडेय, डॉ आकांक्षा साहू, डॉ इशिका जायसवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मीडियाकर्मी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग टिक्वेंद्र जाटवर सहित परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर एवं बड़ी संख्या में स्कूली किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी।

नशीली दवा की ...

धारा 21 नारकोटिक्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया । एक आरोपी दिनेश राजपूत की तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहाँ इलाज के दौरान वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। देर शाम उसे पुलिस द्वारा मुस्तैदी के चलते गिरफ्तार कर लिया गया।

अधूरे निर्माण कार्यों ..

कलेक्टर ने बालक एवं कन्या छात्रावासों में विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को अवकाश के दौरान केवल उनके परिजनों के साथ ही भेजा जाए। छात्रावास परिसर में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश नहीं होना चाहिए। परिसर में आने-जाने वाले प्रत्येक व्यक्ति का परिचय एवं मोबाइल नंबर निर्धारित रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए, ताकि आगंतुकों का व्यवस्थित रिकॉर्ड संधारित रहे। उन्होंने विशेष रूप से कन्या छात्रावासों में सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी कन्या छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे सदैव चालू स्थिति में रहें। किसी भी प्रकार की समस्या, अव्यवस्था अथवा सुरक्षा संबंधी शिकायत की जानकारी तत्काल खंड प्रभारी को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। एकलव्य विद्यालय के निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने भोरिंग स्थित प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास की विभिन्न पंजियों एवं अभिलेखों की जांच की तथा कमरों में बिजली, लाइट और पंखों की उपलब्धता एवं उनकी कार्यशील स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में आवश्यक सुविधाओं को व्यवस्थित बनाए रखने और विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक शारदा वर्मा ने कलेक्टर को बताया कि छात्रावास परिसर सड़क के स्तर से नीचे होने के कारण बारिश के दौरान तथा आसपास पानी जमा होने से जलभराव की समस्या बनी रहती है। इस पर कलेक्टर ने समस्या के स्थायी निराकरण के लिए परिसर के समतलीकरण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए तथा उक्त कार्य को वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत स्वीकृत कराने के लिए सहमति व्यक्त की। कलेक्टर विनय लंगेह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रावासों में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन, सुरक्षित आवास, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाएं और आवश्यक बुनियादी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधाओं के प्रति किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करें तथा सामने आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त आदिवासी विकास शिल्पा साय एवं खंड प्रभारी आदिवासी विकास महासमुंद नीलेश खांडे उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

रोड क्रॉस कर रही महिला बाइक की टक्कर से घायल

महासमुंद। ग्राम खरोरा में रोड क्रॉस कर रही एक महिला बाइक की टक्कर से घायल हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस न बताया कि सांई मंदिर के सामने खरोरा में दुकान संचालन करने वाली ललिता चंद्राकर 10 अक्टूबर 7 से 07:30 बजे के बीच दुकान बंद कर पैदल घर जा रही थी, जैसे ही सांई मंदिर के पास रोड पार करने के लिए डिवाइडर के पास खड़ी थी, उसी समय रायपुर की ओर से आ रही यामाहा मोटर सायकल क्र. सीजी-04 क्यूवाय 4781 के चालक उत्तम साहू ने अपनी वाहन को काफी तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ललिता चंद्राकर को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे महिला के बाएं हाथ एवं बांए पैर में गंभीर चोटें लगी। मामले में घायल महिला के पुत्र ओमप्रकाश चंद्राकर की रिपोर्ट आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184-मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

लेनदेन को लेकर दो लोगों से मारपीट

महासमुंद। ग्राम तिलाईपाली में रकम के लेनदेन की बात को लेकर दो लोगों के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी शिवलाल ने बताया कि 14 अक्टूबर की सुबह आठ बजे उसके साले सेतकुमार चौहान और पुत्र दुर्गेशचौहान के साथ रकम के लेनदेन को लेकर आरोपी रामलाल भोई, हरिशंकर भोई, खिरसिंधु भोई, सितिया भोई ने गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट कर तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

महिला के साथ पति ने की मारपीट

महासमुंद। एक महिला के साथ उसके पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थिया देववंती चौहान ने बताया कि 13 अक्टूबर की रात करीबन 10 बजे उसका पति वीरेंद्र चौहान अपने दो दोस्तों के साथ घर में शराब पार्टी कर रहा था, उसके बाद उसके पति के दोस्त अपने-अपने घर चले गये। उसके पति ने शराब ज्यादा पीने से अपने हाथ में रखे मोबाइल को नुकसान न हो कहकर घर के टेबल में रखा था, जब नशा कम हुआ तो रात करीबन 4 बजे उसके पति द्वारा मोबाइल कहां है कहकर प्रार्थिया के साथ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का डंडा एवं बेल्ट से मारपीट किया। मारपीट करने से सिर, दांये कान, बांये हाथ, बांये पैर, घुटना, पीठ में चोट आई। आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

9वीं में प्रवेश के लिए चतुर्थ काउंसलिंग आज

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2026-27 की कक्षा 9वीं में परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर 228 रिक्त सीट के आधार पर चतुर्थ ओपन काउंसलिंग (पहले आओं पहले पाओं) हेतु छात्र-छात्राओं की सूची एवं तिथि प्रदर्शित की गई है। प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु चतुर्थ काउंसलिंग की तिथि 16 अक्टूबर 2026 को प्रातः 10.30 बजे से सायं 05 बजे तक कार्यालय आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर में आयोजित किया जाएगा।

युवाओं से 30 तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद। छग शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिये सम्मानित करने और उनमें एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से "युवा रत्न सम्मान' योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जारी की गई है। इसके लिए आवेदन 30 अक्टूबर 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं।

सरीफाबाद जमीन विवाद पर जनपद सदस्य पुरुषोत्तम ने कहा- मेरा कोई वास्ता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

- बोर्ड ऑफ रेवेन्यू में मामला लंबित, राजनीतिक द्वेष से छवि धूमिल करने वालों को कड़ी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

ग्राम शरीफाबाद की जमीन को लेकर मेरे नाम को विवाद से जोड़कर जिस प्रकार भ्रामक प्रचार किया जा रहा है, वह पूरी तरह निराधार है। इस प्रकरण से मेरा न तो कोई प्रत्यक्ष संबंध है और न ही मैंने जमीन की है। इसके बावजूद मेरा नाम उछालकर मेरी सामाजिक एवं राजनीतिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात आज प्रेस वार्ता में जनपद सदस्य पुरुषोत्तमृत धृतलहरे ने कहीं।



उन्होंने बताया कि वे जनपद सदस्य पिथौरा तथा उनकी धर्मपत्नी, जो जनपद पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हैं, जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी सामाजिक और राजनीतिक प्रतिष्ठा जनता के विश्वास से जुड़ी है। ऐसे में बिना तथ्यों की पुष्टि किए किसी विवाद से हमारा नाम जोड़ना न केवल अनुचित है, बल्कि हमारी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाला कृत्य भी है।

प्रेस वार्ता के दौरान पुरुषोत्तम ने कहा कि कि किसी जमीन विवाद में बिना प्रमाण उनका नाम जोड़कर मुझे 'भू-माफिया' जैसे शब्दों से संबोधित करना स्वीकार्य नहीं है। किसी भी व्यक्ति की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने से पहले तथ्यों की पुष्टि करना आवश्यक है। मामला बोर्ड ऑफ रेवेन्यू में लंबित, अंतिम निर्णय का इंतजार किया जाए। शरीफाबाद जमीन से संबंधित प्रकरण वर्तमान में माननीय बोर्ड ऑफ रेवेन्यू के समक्ष लंबित है। ऐसे में प्रकरण के तथ्यों और संबंधित पक्षों की स्थिति का निर्धारण सक्षम राजस्व न्यायालय द्वारा किया जाना है। उन्होनें राजनीतिक द्वेष के तहत छवि खराब करने की बात कही है।

न्याय व्यवस्था पर पूरा विश्वास

धृतलहरे ने कहा कि मुझे देश की न्याय व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं पर पूरा विश्वास है। मैं संबंधित प्रकरण में विधिसम्मत प्रक्रिया और सक्षम न्यायालय के निर्णय का सम्मान करता हूं। मेरा पक्ष स्पष्ट है और मैं तथ्यों के आधार पर अपनी बात रखने के लिए तैयार हूं। मैं पिथौरा क्षेत्र की जनता से भी आग्रह करता हूं कि किसी भी समाचार,आरोप या सोशल मीडिया संदेश पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें। अफवाहों और अपुष्ट दावों के आधार पर किसी व्यक्ति के संबंध में धारणा बनाना उचित नहीं है।

मां शारदा मंदिर में नवरात्रि पर्व पर प्रतिदिन भजन, कीर्तन व जसगीत सेवा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शारदीय नवरात्रि महोत्सव अंचल में हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हो चुका है। अंचल के प्रसिद्ध देवी धाम के अलावा तुमगांव रोड स्थित मां शारदा शक्तिपीठ मंदिर में भी प्रतिदिन नवरात्र पर्व पर भजन कीर्तन जसगीत सेवा भक्ति का माहौल बना हुआ है। शहर व गांव से बड़ी संख्या में लोग मां के दर्शन करने व अपनी मन्नत पूरी करने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं भक्तों द्वारा नवरात्र व्रत रखकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की जा रही है। नवरात्र पर रोज मां का विशेष श्रृंगार किया जा रहा है। पंचमी तिथि में मां का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां के दर्शन का लाभ उठा पाएंगे। शारदीय नवरात्रि में इस बार मां शारदा मंदिर में 197 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित हुई है। मंदिर के पुजारी श्रवण महाराज ने बताया कि नवरात्र के प्रथम दिवस से लेकर नवरात्रि के पूरे 9 दिनों तक मां का विशेष श्रृंगार किया जाता है। साथ ही मां को अलग-अलग प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया जाता है। नवमी हवन पूजन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाता है। जिसमें समस्त भक्तगण मां का प्रसाद ग्रहण करते हैं।

महाविद्यालय में दो दिवसीय साइबर सुरक्षा, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में कलेक्टर के निर्देशों के अनुपालन में एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से तथा नीति आयोग द्वारा भी संचालित दो दिवसीय साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं वित्तीय साक्षरता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बुनियादी टूल्स की जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी लिंक, संदिग्ध कॉल एवं संदेश, ओटीपी साझा करने से होने वाले नुकसान तथा व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने और साइबर अपराधों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के द्वितीय दिवस डिजिटल साक्षरता एवं वित्तीय सुरक्षा विषय पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक रोनितराज सिन्हा ने विद्यार्थियों को डिजिटल सेवाओं के उपयोग, ऑनलाइन बुकिंग, यूपीआई एवं अन्य डिजिटल भुगतान माध्यमों के सुरक्षित उपयोग तथा ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन के दौरान सतर्कता बरतने के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही एटीएम पिन, पासवर्ड एवं बैंक से संबंधित गोपनीय जानकारी किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी गई। फर्जी कॉल एवं संदिग्ध संदेशों से सतर्क रहने तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में सावधानीपूर्वक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, वित्तीय लेन-देन में सुरक्षा उपाय अपनाने तथा डिजिटल सेवाओं के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं का लाभ सावधानी के साथ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में एआई के बुनियादी टूल्स की उपयोगिता से भी विद्यार्थियों को परिचित कराया गया, ताकि वे तकनीक का सकारात्मक एवं प्रभावी उपयोग कर सकें।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय जागरूकता भी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को ऑनलाइन सेवाओं का उपयोग करते समय सतर्क रहने तथा साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक रहने हेतु प्रेरित किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में फाउंडेशन की ओर से प्रशिक्षक रोनितराज सिन्हा ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम के संचालन में प्रभारी हेमलता पटेल, दीपक कुमार एवं पितांबर बाघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र /छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने, ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन में सावधानी बरतने, अपनी गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखने तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

कोमाखान कॉलेज में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बोइरगांव (कोमाखान)

एनआईआईटी फाउंडेशन द्वारा शासकीय नवीन महाविद्यालय कोमाखान में साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं एआई बेसिक्स विषय पर दो घंटे के ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इस पहल को महाविद्यालय से जोड़ने में एनआईआईटी फाउंडेशन की पार्टनरशिप टीम से अमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सत्र का संचालन प्रशिक्षक शशांक मिश्रा द्वारा किया गया।

दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन सुरक्षित व्यवहार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मूलभूत जानकारी प्रदान करना था। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को साइबर धोखाधड़ी से बचाव, फिशिंग, संदिग्ध लिंक की पहचान, सोशल मीडिया सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बुनियादी अवधारणाओं और उसके उपयोगों से भी परिचित कराया गया। एनआईआईटी फाउंडेशन शिक्षा एवं कौशल विकास के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने और एक सुरक्षित एवं डिजिटल रूप से सक्षम भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।

बस संचालकों की बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने दिए आवश्यक निर्देश

बस का संचालन स्वीकृत रूट और परमिट में उल्लेखित शर्तों के अधीन हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



बस यूनियन के कार्यालय बस स्टैंड में जिला परिवहन अधिकारी प्रतीक शुक्ला की अध्यक्षता में सभी निजी संचालकों की बैठक हुई। इस समीक्षा बैठक में जिले में यात्री परिवहन व्यवस्था को अधिक सुगम, सुरक्षित और नियमबद्ध बनाना था। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सभी बस संचालकों को महत्वपूर्ण विषयों पर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला परिवहन अधिकारी शुक्ला ने सभी बस संचालकों को निर्देश दिए है कि वे अपनी बसों का संचालन परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार ही करेंगे। समय पर बसों का परिचालन न करने या अन्य बसों को प्रभावित करने की स्थिति में सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक बस का संचालन उसके स्वीकृत रूट और परमिट में उल्लेखित शर्तों के अधीन ही होना चाहिए। रूट उल्लंघन, बिना परमिट संचालन या क्षमता से अधिक यात्री बैठाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी संचालकों को अपनी बसों का नियमित मेंटेनेंस, फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र और वैध बीमा दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। अनफिट पाई जाने वाली बसों के परिचालन पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। शासन द्वारा लागू की गई नई किराया सूची का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

सभी बस संचालकों को अपनी बसों के भीतर यात्रियों को स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर नई किराया सूची (फेयर चार्ट) चस्पा करनी होगी। यात्रियों से निर्धारित किराए से अधिक राशि वसूलने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी संचालकों को निर्देश देते हुए कहा है कि इन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के परमिट और लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

किसानों को आपसी विवाद में उलझाकर धान बेचने से वंचित करने की साजिश रच रही साय सरकार: आलोक



महासमुंद। किसानों को आपसी विवाद में उलझाकर धान बेचने से वंचित करने की बड़ी साजिश भाजपा की साय सरकार पर रचने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महासचिव व जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर ने कहा कि सरकार के नए प्रयोगों से किसानों का भारी नुकसान होने वाला है और हजारों किसान धान विक्रय से वंचित हो सकते हैं। चंद्राकर ने कहा कि सरकार ने फसल प्रविष्टि को पटवारी आईडी से हटा दिया है और अब कृषि विभाग के माध्यम से डिजिटल क्रॉप सर्वे और पीवी ऐप के माध्यम से फसल सत्यापन कराया जा रहा है। इन दोनों ही व्यवस्थाओं में गंभीर खामियां हैं, जो मैप प्राइवेट सर्वेयरों को दिया गया है उसमें मौके और मैप के बीच 9 से 10 मीटर तक का अंतर है, जिससे गलत खेत में गलत फसल की प्रविष्टि होने की पूरी संभावना है। एक बार गलत प्रविष्टि हो गई तो वह स्थायी रूप से दर्ज हो जाएगी और भविष्य में भूमि विवाद का बड़ा कारण बनेगी। उन्होंने कहा कि गांव के केवल 50 से 60 प्रतिशत खसरे ही डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए उपलब्ध कराए गए हैं, कई गांवों के तो एक भी खसरे उपलब्ध नहीं हैं। जिन खसरों की उपलब्धता नहीं है वहां फसल प्रविष्टि ही नहीं होगी और बिना फसल प्रविष्टि के किसान अपना धान नहीं बेच पाएगा। जो खसरे डीसीएस से छूट गए हैं, उनके लिए पीवी ऐप लाया गया है जिसमें हर खेत के चार कोनों का फोटो और जियो लोकेशन दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। बिना किसान की उपस्थिति और बिना सीमा मिलान के यह तय करना असंभव है कि कौन सा खेत किसका है। जियो लोकेशन से खेत को स्थायी रूप से चिन्हित कर दिया जाएगा, बाद में यदि आपसी बंटवारा, मेड़ विवाद या कब्जे की स्थिति बनी तो किसान कहां जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि सरकार जल्दबाजी में बिना जमीन मिलान के एक ही स्थान पर बैठकर सभी खसरों का पीवी कराने का दबाव बना रही है। यह सीधे तौर पर किसानों की भूमि के साथ खिलवाड़ है। जब यह कार्य कृषि विभाग का है तो राजस्व अमले पर कार्रवाई की धमकी देकर क्यों करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूरी योजना किसानों को उलझाने और धान खरीदी से वंचित करने की सुनियोजित साजिश है। सरकार को चाहिए कि इस प्रयोग को बंद कर पूर्व की तरह गिरदावरी की व्यवस्था बहाल करे, ताकि किसानों का धान समय पर बिक सके और गांव में शांति बनी रहे।ये पूरी प्रकिया अन्नदाता किसानों को परेशान करने के लिये बनाया गया है और ये भाजपा के किसान विरोधी मानसिकता को 100 प्रतिशत प्रमाणित करता है।

लभराखुर्द शाला में हुआ बाल मेला का आयोजन, डाइट की टीम ने किया उत्साहवर्धन

महासमुंद। शासकीय प्राथमिक शाला लभराखुर्द में प्रधान पाठिका ममता शर्मा के निर्देशन में बाल मेला का आयोजन हुआ। शाला स्टॉफ से सुधा नायक, खुशबू पेंदरिया एवं सहयोगी शिक्षिका ऋतु चंद्राकर के मार्गदर्शन तथा डाइट से शाला अनुभव के अंतर्गत विद्यालयों में गए छात्राअध्यापक जिज्ञासा ठाकुर, वंदना राठिया, दिलश्वरी साहू, आंचल पटेल के सहयोग से बच्चों ने बढ़– चढ़कर अलग–अलग व्यंजनों के स्टॉल लगाए तथा मनमोहक नृत्य स्वागत गीत आदि से कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ करते हुए अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच मयंक ध्रुव व उपसरपंच जीवन यादव (शिक्षाविद्) ने बच्चों के बौध्दिक व शैक्षिक गतिविधि के लिए शुभकामनांएं दी। कार्यक्रम में डाइट के विशिष्ट अतिथि सहायक अध्यापक के सिंग, वरिष्ठ व्याख्याता संतोष कुमार साहू व व्याख्याता एवं मेंटोर सुमन दीवान ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथि सुमन दीवान ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सीखने–सीखाने की प्रक्रिया में इस तरह की मनोरंजनात्मक गतिविधियों को आवश्यक बताया। विद्यालयीन गतिविधियों में शिक्षक की गतिविधियों को बारिकी से समझते हुए कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। डाईट की टीम ने छात्रध्यापकों व विद्यालय की अकादमिक मॉनिटरिंग भी की। कार्यक्रम में अतिथि शैलेंद्र सोनी डीएमएस स्कूल महासमुंद प्रभारी प्राचार्य, मिडिल स्कूल लभराखुर्द से शिक्षिका रेणु चंद्राकर, अंजु सोनक्षत्र तथा तुलसी साहू उपस्थित थे। अतिथियों ने सभी स्टॉल से व्यंजनों का जायका लेते हुए कई सामग्रियों को क्रय कर नन्हे–मुन्हे बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम समापन का संयोजिका ममता शर्मा ने आभार व्यक्त कर किया।

जाति पूछकर राशन देना सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता: विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में राशन कार्ड का पोर्टल बंद होने से गरीबों का राशन और इलाज दोनों अटक गया है। हजारों आवेदन महीनों से लंबित पड़े हैं, जिससे आम जनता में भारी आक्रोश है। इस मुद्दे को लेकर पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अब जाति पूछ-पूछ कर राशन देना चाहती है, जो पूरी तरह से गरीब विरोधी नीति है।

उन्होंने कहा कि पोर्टल बंद होने से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब, मजदूर और ज रू र त मं द परिवारों को हो रही है। राशन कार्ड में नाम दर्ज नहीं होने के कारण पात्र हितग्राहियों का राशन नहीं मिल रहा है। साथ ही उनका आयुष्मान भारत कार्ड भी नहीं बन पा रहा है। इससे गरीब परिवारों को शासकीय राशन और निशुल्क इलाज दोनों से वंचित होना पड़ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि सरकार ने नवीन राशन कार्ड बनवाने के लिए दस्तावेजों की लंबी सूची अनिवार्य कर दी है। जिसमें पटवारी प्रतिवेदन, प्राधिकृत अधिकारी से जारी आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र को अनिवार्य किया गया है। साथ ही मुखिया का फोटो, आधार से लिंक मोबाइल नंबर, जन्म प्रमाण पत्र और पूरे परिवार का ग्रुप फोटो भी मांगा जा रहा है। सामान्य वर्ग को छोड़कर अन्य सभी वर्गों से जाति प्रमाण पत्र मांगना अनुचित है। इन कागजों को बनवाने के लिए गरीबों को पटवारी, जनपदों, नगर पालिका और पंचायतों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।



खबर संक्षेप



कराटे में प्रतिभागियों को मिले मेडल

महासमुंद। भिलाई में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2026 में वेडनर मेमोरियल हॉयर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्रों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किए। शाला में प्राचार्य द्वारा उन्हें मेडल देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। जिसमें उत्कर्ष उपाध्याय को गोल्ड मेडल आयान एवं धैर्य को सिल्वर मेडल एवं अरनव रंजन सिन्हा को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया। उनकी इस सफलता पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

चाकू की नोक पर स्कूली छात्र से लूट, सुनसान रास्तों पर गश्त बढ़ाने की मांग

महासमुंद। सुनसान रास्ते पर दिन दहाड़े चाकू की नोंक पर स्कूली छात्र से लूटपाट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार शिशु संस्कार केंद्र में अध्ययनरत नवमी का छात्र झालखम्हरिया से महासमुंद बस स्टॉप पर बस से उतरकर दोपहर 12 बजे नकुल ढीढी गार्डन के पीछे वाले रास्ते से पैदल स्कूल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात ने उसे रोका और चाकू की नोक पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी जेब से 200 रुपए छीने और फरार हो गया। शाला के अन्य छात्रों के बताए अनुसार यह पहली बार नही है, ऐसी कई घटनाएं इस स्थान पर पहले भी घटित हो चुकी हैं। दिनदहाड़े स्कूली बच्चों को निशाना बनाए जाने की इस वारदात से नगरवासियों में भारी रोष और चिंता व्याप्त है। वहीं छात्र भी स्कूल आते-जाते समय असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। घटना के संबंध में संबंधित पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज करा दी गई है। शाला प्राचार्य और प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के समय नकुल ढीढी गार्डन के पीछे वाले सुनसान रास्ते और आसपास के संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, ताकि बच्चे सुरक्षित माहौल में स्कूल पहुंच सकें और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके।

आवेदन आमंत्रित, परीक्षा 12 दिसंबर को

महासमुंद। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राज्य के 8वीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 8वीं में अध्ययनरत पात्र विद्यार्थियों से निःशुल्क ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।



अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

महासमुंद। ग्राम खरोरा में देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस दौरान कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर भूषण चंद्राकर ने कहा कि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती 15 अक्टूबर को मनाई जाती है। शिक्षा, अध्यापन और युवा सशक्तिकरण के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए यह दिन विश्व छात्र दिवस के रूप से भी मनाया जाता है। डॉ. कलाम का मानना था कि ज्ञान, नवाचार और कड़ी मेहनत राष्ट्रीय प्रगति के लिए आवश्यक है। एक वैज्ञानिक, लेखक और भारत के 11वें राष्ट्रपति के रूप में उनका योगदान पीढ़ियों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज में योगदान देने के लिए प्रेरित करता रहा है।

अनदेखी: पुलिस को चोरों का खुला चैलेंज, हर दूसरे दिन हो रही घटना

20 दिनों में 8 दुकानों के टूटे ताले व्यापारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप



क्षेत्र में कानून-व्यवस्था पूरी तरह आईसीयू में है। झलप और आसपास के इलाकों में शातिर चोरों ने पटेवा पुलिस की नाक में दम कर रखा है। पिछले 20 दिनों के भीतर झलप में रिकॉर्ड 8 दुकानों के ताले और शटर टूटे हैं। यानी हर दूसरे दिन चोर पुलिस को खुली चुनौती देकर जा रहे हैं। चोरों के इस दुस्साहस से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है, वहीं पटेवा पुलिस इस बेखौफ गिरोह के सामने पूरी तरह घुटने टेक चुकी है।

हाल ही में लक्ष्मी कृषि केंद्र, आकाश फैंसी, मुरली मोटर्स झलप, अज्जू बैटरी दुकान और अमन कृषि सेवा केंद्र और बीती रात राहुल ट्रेडर्स जैसी बड़ी दुकानों के ताले चटकाकर चोरों ने लाखों की संपत्ति और कीमती सामानों पर हाथ साफ कर दिया। व्यापारियों का कहना है कि चोरों का पैटर्न बिल्कुल एक सा है। वे इतने बेखौफ हैं कि एनएच 53 के किनारे की दुकानों को ही निशाना बना रहे है, उन्हें जगह जगह लगे सीसीटीवी कैमरों की भी उन्हें कोई परवाह नहीं है।

चोरों का आतंक सिर्फ मुख्य बाजारों तक सीमित नहीं है। ग्रामीण अंचलों में भी इनका तांडव जारी है। किसानों के खेतों से बोरवेल के केबल और कीमती पंप चोरी होना अब रोज की बात हो गई है। खून-पसीना एक कर फसल उगाने वाला किसान जब सुबह खेत पहुंचता है, तो उसे सिर्फ कटा हुआ केबल मिलता है। बाजार से लेकर खेत तक, हर तरफ जनता त्रस्त है। इस लगातार हो रही वारदातों के बाद व्यापारी संघ के पदाधिकारियों और ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पुलिसिया सुरक्षा व्यवस्था सिर्फ कागजों पर चल रही है।

व्यापारी संघ ने मांग की है कि झलप और ग्रामीण इलाकों में तुरंत और लगातार पुलिस गश्त शुरू की जाए। अगर रात में पुलिस मुस्तैद नहीं रही, तो व्यापारी अपनी सुरक्षा के लिए उग्र आंदोलन करने और दुकानें बंद करने पर मजबूर होंगे। वही उन्होंने यहाँ पर्याप्त पुलिस बल चौबीस घंटे रखने की मांग की है। एक तरफ जहां चोरियां चरम पर हैं, वहीं इस मामले पर पटेवा थाना प्रभारी का कहना है कि थाने में स्टाफ की भारी कमी है, जिसकी वजह से रात्रि गश्त में 2 स्टाफ की ही ड्यूटी लग रही है।

वार्ड 02 से 13 तक के पात्र हितग्राहियों को आबादी पट्टा दिलाने की पहल

जिला प्रशासन ने कार्रवाई के लिए भेजा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

बागबाहरा शहर में वर्षों से निवासरत परिवारों

- बागबाहरा शहर में वर्षो से निवासरत परिवारों को लाभ दिलाने का प्रयास



को आबादी पट्टा दिलाने की मांग को लेकर जिला पंचायत महासमुंद के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर द्वारा किए गए प्रयासों के तहत जिला प्रशासन ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

भीखम सिंह ठाकुर ने बागबाहरा शहर के वार्ड क्रमांक 02 से 13 तक निवासरत पात्र हितग्राहियों की समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। उन्होंने बताया कि शहर के इन वार्डों में अनेक परिवार लंबे समय से निवासरत हैं, लेकिन राजस्व अभिलेखों में भूमि का उल्लेख बड़े झाड़ के जंगल के रूप में दर्ज होने के कारण सर्वे एवं आबादी पट्टा प्रदान करने की प्रक्रिया में बाधा आ रही है। इसके चलते स्थानीय निवासियों को अपने आवास से संबंधित कार्यों में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि बागबाहरा शहर की पुरानी बसाहट और यहां वर्षों से निवासरत परिवारों की वास्तविक स्थिति को ध्यान में रखते हुए संबंधित नियमों में आवश्यक संशोधन अथवा शिथिलीकरण की संभावनाओं पर विचार किया जाए, ताकि नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को आबादी पट्टा प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त हो सके। इस संबंध में कार्यालय कलेक्टर, भू-अभिलेख शाखा, जिला महासमुंद द्वारा 09 अक्टूबर 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बागबाहरा को पत्र जारी कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह पहल बागबाहरा शहर के प्रभावित परिवारों की समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि बागबाहरा शहर के अनेक परिवार लंबे समय से आबादी पट्टे की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उनकी समस्याओं का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को नियमानुसार पट्टा दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि वर्षों से निवासरत जरूरतमंद परिवारों को राहत मिले और उन्हें अपने आवास से संबंधित कार्यों में अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने जिला प्रशासन से इस विषय पर संवेदनशीलता के साथ आवश्यक कार्रवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की।

अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ ने छत्तीसगढ़ प्रदेश की नई कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

राजधानी रायपुर में अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश की नई कार्यकारिणी का गठन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पद्म सम्मान से सम्मानित डॉ. भारती बंधु साहेब की विशेष उपस्थिति रही।

प्रदेश में संगठन को मजबूत बनाने तथा कबीर साहेब के विचारों, संदेशों और आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष तेंदूकोना निवासी महंत मुकेश बैरागी साहेब, प्रदेश महासचिव दास साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष महंत हेमलाल साहेब, भिलाई प्रदेश उपाध्यक्ष लोकनाथ साहू, प्रदेश प्रवक्ता अनुरूप साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओनिल साहू, प्रदेश सचिव मुकेश बुरड के साथ ही नारी शक्ति के सशक्तिकरण एवं संगठन में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए लीला मानेक को महासंघ का राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष (नारी शक्ति) नियुक्त किया गया। संगठन के उद्देश्य जाति, धर्म या आर्थिक स्थिति के भेदभाव से मुक्त एक समतामूलक नैतिक समाज का निर्माण करना, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सुधार को बढ़ावा देना हैं। महासभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने सामाजिक समरसता, मानवता, समानता और संत कबीर साहेब के विचारों के प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यकारिणी के गठन से छत्तीसगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ की संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

अमेरा में नवरात्रि पर डांस प्रतियोगिता विधायक द्वारिकाधीश हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

कोमाखान क्षेत्र के ग्राम अमेरा में

- संगी साथी युवा क्लब के आयोजन में प्रतिभागियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां, विधायक ने आयोजकों को दी बधाई



नवरात्रि पर संगी साथी युवा क्लब अमेरा द्वारा भव्य डांस प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव शामिल हुए। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिभागियों ने नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन के दौरान ग्रामीणों में उत्साह का माहौल रहा। नवरात्रि पर आयोजित इस कार्यक्रम ने धार्मिक आस्था के साथ कला और संस्कृति को भी मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में विधायक यादव ने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए आयोजन से जुड़े युवाओं को सफल कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मां दुर्गा से सभी के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से गांवों में कला, संस्कृति और सामाजिक एकता को प्रोत्साहन मिलता है। इस प्रकार के कार्यक्रम नई पीढ़ी को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में पुष्प कुमार साहू, सरपंच प्रीतम चैधरी, प्रदीप यादव, संतोष पटेल, नवनीत नाग, उत्तम राणा, किशोर चतुर्वेदी, रविंद्र राज सिंह, भारत साहू, खूबचंद साहू, पोखन महानंद, चैतराम निषाद, सतीश पटेल, सुंदर साहू, गोकूल साहू, मोहन पटेल, केवल साहू, मीना सिंह पटेल, कुमेश साहू, डमेश्वर ठाकुर, मनोज साहू, सूर्यकुमार पटेल, जगदीश नायक, बाबूलाल साहू आदि मौजूद रहे।

पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील इकाई बागबाहरा की हुई बैठक



तेंदूकोना। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील इकाई बागबाहरा की बैठक बीआरसी भवन बागबाहरा सभागार में हुई। मुख्य अतिथि संघ के तहसील इकाई संरक्षक हीराधर सोम रहे। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष थानसिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि कल्याण सिंह बरिहा, अनंद राम ठाकुर थे। सरस्वती माता के तैल चित्र की पूजा-अर्चना पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। बैठक में 17 दिसंबर 2026 को पेंशनर डे प्रांतीय सम्मेलन महासमुंद में होना है, सहयोग हेतु विचार-विमर्श किया गया। अगला मासिक बैठक गोंडवाना भवन खल्लारी में करने का निर्णय लिया गया। पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण के लिए पेंशनर जिलाध्यक्ष को अवगत कराया जाएगा। बैठक का संचालन तहसील उपाध्यक्ष चमन साहू ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से थानसिंह ठाकुर, हीराधर सोम, कल्याण सिंह बरिहा, मोहन सिंह दीवान, गोपाल सिंह ठाकुर, उमेद सिंह बरिहा, अनन्द राम ठाकुर, शिवकुमार दीवान, चमनलाल साहू, राधेश्याम बागर्ती, चंद्रभान कश्यप, झाडूराम दीवान, राजेश्वर प्रसाद बैपारी, केएल दीवान आदि बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

दशगात्र में परिजनों को किया पौधा भेंट



तेंदूकोना। ग्रीन केयर सोसाइटी बागबाहरा इंडिया द्वारा किसी भी पर्व, उत्सव अथवा त्यौहार में पर्यावरण संरक्षण और जागरुकता के लिए पौधा भेंट किया जाता है, इसी तारतम्य में तेंदूकोना निवासी स्वर्गीय डॉ शोभाराम साहू के दशगात्र में ग्रीन केयर सोसाइटी के सदस्य पंडित भागीरथी के द्वारा पौधा भेंट किया गया। शोक संतृप्त परिवार को संबल प्रदान करते हुए स्वर्गीय साहू के पुण्य स्मृति में पौधा रोपण करने का संदेश दिए उपस्थित परिवारजन रमादेवी साहू, उमा राम साहू, बोनी बाई, कन्हैया लाल साहू, खुशियाम बाई, कृष्णा भाई, लक्ष्मी बाई, संजय साहू, दिनेश कुमार साहू, नील कुमार साहू, केशव राम साहू, बलराम साहू, नितेश साहू, सुमन, उमेश्वरी, रश्मि, कुसुम लता, सविता, भारती, गोकुल साहू, कुंती बाई साहू आदि उपस्थित रहे।



चित्रकूट, तीरथगढ़ जलाशय व मां दंतेश्वरी का किया भ्रमण

महासमुंद। ग्राम खरोरा के 55 लोगों ने शारदीय नवरात्र पर्व पर चित्रकूट, तीरथगढ़ जलाशय एवं मां दंतेश्वरी का भ्रमण किया गया। मां दंतेश्वरी मंदिर बस्तर का गौरव और छत्तीसगढ़ की पहचान है। मां दंतेश्वरी के चरणों में श्रद्धा और आस्था का सागर उमड़ता है। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी का पावन धाम केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि हमारी सदियों पुरानी परंपराओं, अटूट विश्वास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। मां दंतेश्वरी धाम सहित प्रदेश की धार्मिक विरासत के संरक्षण और धार्मिक पर्यटन को नई पहचान देने के लिए संकल्पित है।



पंचमी पर देवी पंडालों व मंदिरों में हुई विशेष आराधना

नर्रा। शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन क्षेत्र में देवी पंडालों और मंदिरों में मां स्कंदमाता की विशेष आराधना हुई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना कर घर की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पंचम तिथि पर मां को प्रसन्न करने के लिए विशेष सोलह श्रृंगार सामग्री अर्पित की गई, जिसमें लाल चुनरी, लाल चूड़ियां, फीता, नेल पॉलिश, तेल, सिंदूर बिंदी, दर्पण, कंघी और मेहंदी मुख्य रूप से शामिल रहीं। इस दौरान माता रानी को 108 नग नींबू की माला पहनाई गई श्रद्धालुओं ने मनोकामना की ज्योत कलश और मिट्टी के दीपों की कतारों से पूरा वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और अलौकिक नींबू की माला व सोलह श्रृंगार अर्पित किया गया। रात्रि में पारंपरिक माता सेवा और जसगीत गायन मांदर की थाप मंजीरा के धुनों पर आधारित जसगीतों की प्रस्तुति ने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। देवी महिमा का बखान करते गीतों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया है।

बागबाहरा महाविद्यालय में रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा में

- योग्यता के अनुरूप करियर चुनने और उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं



विद्यार्थियों को रोजगार के अवसरों से जोड़ने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से रोजगार मार्गदर्शन कार्यक्रम प्राचार्य एसजी रात्रे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों को रोजगार की संभावनाओं, करियर चयन, कौशल विकास और रोजगार पंजीयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के माध्यम से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा आयोजित होने वाले जिला स्तरीय रोजगार मेले के संबंध में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवंती यादव कनिष्क रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला 22 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक आईटीआई लभरा खुर्द महासमुंद में आयोजित होगा। इसमें पाँच कंपनियों द्वारा कुल 262 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती की जानकारी दी गई है। संबंधित कंपनियों में फायर एंड सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, गणपति नमकीन भंडार प्राइवेट लिमिटेड, बॉम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन एंड जॉब कंसल्टेंट तथा पुष्कल एग्रोटेक लिमिटेड शामिल हैं। रितेश दुबे ने बताया कि स्किल सीखना जरूरी है। लोगों में स्किल की कमी है। इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार पंजीयन कराकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने की सलाह दी गई। रोजगार पंजीयन के लिए www.erojgar.cg.gov.in पर ऑनलाइन सुविधा भी उपलब्ध है। महाविद्यालय के प्राचार्य शिवगोपाल रात्रे ने कहा कि शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल एवं उचित मार्गदर्शन युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप करियर चुनने और उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के प्रति जागरूक बनाने, कौशल विकास को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर भविष्य की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से गजानन्द बुडेक, डॉ खिलावन पटेल कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, राजू चंद्राकर, सौरभ जैन और महाविद्यालय के समस्त स्वयंसेवक एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

